**Request to stop the Mahi-Banswara Rajasthan Atomic Power Plant Project**

श्री राजकुमार रोत **(बांसवाड़ा) :** अध्यक्ष महोदय, माही परमाणु ऊर्जा संयंत्र, बांसवाड़ा को लेकर एक महत्वपूर्ण विषय आया है । अभी कुछ दिन पहले परमाणु ऊर्जा सयंत्र के कार्मिकों और स्थानीय प्रशासन द्वारा ? (व्यवधान) अभी वहां बारिश का समय है, बारिश के दौरान वहां पर लोग बैठे हुए हैं, उनके मकान बने हुए हैं, ? (व्यवधान) वहां खेती बाड़ी करते हैं लेकिन प्रशासन ने लोगों को हटाने का काम किया । ? (व्यवधान) लोगों ने इसका विरोध किया तो लगभग 40 लोगों को गिरफ्तार कर रखा है, इसमें अधिकतर महिलाएं हैं । ? (व्यवधान) वर्तमान में माही परमाणु ऊर्जा संयंत्र बांसवाड़ा के कार्मिक, एनपीसीएल के कार्मिक जिला प्रशासन द्वारा तानाशाही रवैया अपनाया जा रहा है ।

मैं आपकी जानकारी में ला दूं, यह परमाणु ऊर्जा संयंत्र उस क्षेत्र के लिए आने वाले समय में एक विनाशकारी योजना होगी ।

कई जगह देखा गया है, कई ऐसे उदाहरण सामने आए हैं, फुकुशिमा, जापान 2011 में भूकम्प आया और वहां तबाही मची, वहां परमाणु बिजली घर लगी हुई थी । चर्नोबिल, पूर्व सोवियत संघ 26 अप्रैल, 1986 में हल्का सा भूकम्प आया और उसकी वजह से परमाणु संयंत्र में दुर्घटना हुई और 40 लोग मारे गए । ? (व्यवधान)

मेरा अनुरोध है कि इस परियोजना के लिए माही बांध से पानी लिया जाएगा और दूषित पानी वहां छोड़ा जाएगा । माही डैम से वहां से एग्रीकल्चर और पीने के लिए पानी जा रहा है, उसको उपयोग करने वाले लोगों के उनके उनके स्वास्थ्य के साथ आने वाले समय में खिलवाड़ किया जाएगा और वह कई तरह की बीमारियों से पीड़ित होंगे । ? (व्यवधान)

**SHRI KALYAN BANERJEE (SREERAMPUR):** In protest, I am walking out. You are here only for the BJP Members.

**<u>12.28 hrs</u>**

*At this stage, Shri Kalyan Banerjee left the House.*

श्री राजकुमार रोत **:** अध्यक्ष महोदय, एक रिपोर्ट आयी है जिसमें कहा गया है जहां परमाणु संयंत्र लगता है वहां के आसपास के एरिया में तीन डिग्री तापमान बढ़ जाता है । आपसे मेरा अनुरोध है कि इस परियोजना को रोका जाए । वहां से लोगों को विस्थापित न किया जाए । पूर्व में परमाणु बिजली घर की वजह से दुर्घटनाएं हुई हैं, आने वाले समय में भी वह विनाशकारी साबित हो सकता है । जिन लोगों को बारिश के समय वहां से विस्थापित किया जा रहा है, उनको रोका जाए और इस परियोजना को रोका जाए ।